आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 30.03.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में वैश्विक कपड़ा अपशिष्ट संकट पर चर्चा कीय उन्होंने इस चुनौती से निपटने के लिए देश में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।
- प्रधानमंत्री का छात्रों से ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान शौक पूरा करने और नए कौशल विकसित करने का आग्रह।
- गंगोत्री धाम के कपाट आगामी 30 अप्रैल को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुलेंगे।
- प्रदेश भर में आज चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व पर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा–अर्चना की।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा कि वस्त्र अपशिष्ट यानी टेक्सटाइल वेस्ट की चुनौती पूरी दुनिया के लिए नई चिंता की एक बड़ी वजह बन गया है। उन्होंने कहा कि एक प्रतिशत से भी कम टेक्सटाइल वेस्ट को नए कपड़ों में रिसाइकिल किया जाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गर्मी के आते ही शहर–शहर, गांव–गांव पानी बचाने की तैयारी शुरू हो जाती है। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि कई राज्यों में जल संचय से जुड़े कामों में नई तेजी आई है।

प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान सकारात्मक कार्य करने की सलाह दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की उल्टी गिनती भी शुरू हो चुकी है। उन्होंने लोगों से योग को अपने जीवन में शामिल करने का आग्रह किया। श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय – 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है।

मन की बात कार्यक्रम को आज पूरे प्रदेश में सुना गया। इसी कड़ी में पिथौरागढ़ जिले के उर्ग गांव के ग्रामीणों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना और इसे सभी के लिए प्रेरणादायी बताया।

**मोदी–धामी ईद किट**

उत्तराखंड में इस बार ईद के मौके पर जरूरतमंद मुस्लिम परिवारों को 'मोदी–धामी ईद किट' वितरित की गई। उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के तत्वाधान में यह किट उन गरीब परिवारों को दी गई जो आर्थिक तंगी के कारण ईद को अच्छे से नहीं मना पा रहे थे। बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने कहा, "हर मुस्लिम परिवार को ईद मनाने का हक है। इसलिए हमने गरीब मुस्लिम परिवारों, बेसहारा बच्चों, विधवा महिलाओं और जरूरतमंदों को ईद किट दी है ताकि वे खुशी से त्योहार मना सकें।

**गंगोत्री धाम कपाट**

उत्तरकाशी जिले स्थित गंगोत्री धाम के कपाट आगामी 30 अप्रैल को सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर खुलेंगे। गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष धर्मानंद सेमवाल ने बताया कि आज नवरात्र के पावन पर्व मंदिर के कपाट खुलने की तिथि निकाली गई है। प्रदेश सरकार चारधाम यात्रा की तैयारियों में जुट गई है। ताकि यात्रा को सुरक्षित व सुविधाजनक रूप से कराया जा सके।

## चैत्र नवरात्र

हिंदू नववर्ष आज से शुरू हो रहा है। यह चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से आरंभ होता है। चैत्र नवरात्र के दौरान नौ दिनों तक मां शक्ति की आराधना की जाएगी। नवरात्र के दौरान घरों के साथ देवी मंदिरों, तीर्थनगरी के मठो, आश्रमों में शक्ति की आराधना का पर्व आरम्भ हुआ। नवरात्र आरम्भ होने के कारण देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखायी दी। लोगों ने घरों में घट स्थापना के साथ हरियाली बोई। इसके साथ ही दुर्गा पाठ आरम्भ हुए। हरिद्वार में मां मनसा देवी, चण्डी देवी, माया देवी, काली मंदिर, सुरेश्वरी देवी मंदिर, महिषासुर मर्दिनी मंदिर, शीतला माता मंदिर समेत तमाम मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी रही। इस बीच बागेश्वर जिले के प्रसिद्ध बागनाथ मंदिर, चंडी मंदिर और कोट भ्रामरी मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा है। प्रशासन की ओर से सुरक्षा और सुविधाओं के विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं राजधानी देहरादून में सुबह से ही लोग मंदिरों में पूजा अर्चना करने पहुंचे।

## बड़ी कार्रवाई

देहरादून जिला प्रशासन ने शिक्षा माफियाओं पर जीएसटी चोरी, फर्जी प्रकाशन और कई किताबों के आईएसबीन नंबर ट्रैक नहीं होने पर कार्रवाई की। जिलाधिकारी संविन बंसल ने बताया कि छात्रों के अभिभावकों की ओर से अधिक शिकायतें प्राप्त हो रही थी। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान देहरादून के कई बुक डिपों पर संगीन धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर की गई है।

## सरकार के तीन साल

सरकार के तीन साल पूरे होने के उपलक्ष्य में चंपावत जिले के पाटी विकासखण्ड में बहुउद्देशीय व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न कृषि यंत्र दवाईयां का वितरण किया गया। इसके अलावा लाभार्थियों को योजनाओं के चैकों का भी वितरण किया गया। जिले के मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि शिविर का उद्देश्य सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जन तक पहुचाना है।

## अभियान

नैनीताल पुलिस ने अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी थाना और पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 'आपरेशन सेनेटाइज' अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद नारायण मीणा के निर्देश पर चलाए गए अभियान में कुल एक हजार एक सौ अड़तीस फड़–फेरी और किरायेदारों की जांच की गई और चार सौ सोलह लोगों का सत्यापन किया गया। जबकि किरायेदारों का सत्यापन न कराने पर 28 मकान मालिकों पर दस–दस हज़ार रूपये का जुर्माना लगाया गया। पुलिस ने अब तक तीन सौ तिरेपन लोगों का चालान कर चार लाख रूपये से अधिक का जुर्माना वसूला।